**दिनांक : 04.10.2025** **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**पीएम – युवा योजना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज युवाओं के लिए 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। ये युवा केन्द्रित पहल, देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देंगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई.टी.आई. के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन–पीएम–सेतु का शुभारंभ किया। यह 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश वाली केंद्र प्रायोजित योजना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–सेतु योजना में देश भर के एक हजार सरकारी आई.टी.आई. को हब–एंड–स्पोक मॉडल में उन्नत किया जायेगा।

श्री मोदी ने 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चार सौ नवोदय विद्यालयों और दो सौ एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में स्थापित एक हजार दो सौ व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन किया।

## जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आज पेश है– चमड़ा और फुटवियर पर जीएसटी कटौती से होने वाले लाभों पर रिपोर्ट...

***सरकार ने परिवारों के आर्थिक बोझ को कम करने के लिए जीएसटी की दरों में कमी की है ताकि कम कीमतों पर उन्हें सामान मिल सके। नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने चमड़ा और जूते चप्पल उत्पादों पर जीएसटी की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। नए सुधारों के तहत ढाई हजार रुपए तक की कीमत वाले जूते और चप्पल पर अब पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा जिससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा। इसके अलावा चमड़े के विभिन्न उत्पादों जैसे चमोइस चमड़ा, कंपोजिशन चमड़ा, लैदर फाइबर और टैनिंग या कास्टिंग के बाद तैयार चमड़े पर भी कर को 5 प्रतिशत कर दिया गया है। जिस पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगा करता था इस कटौती से न केवल यह उत्पाद उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती होंगे बल्कि इससे उत्पादन भी बढ़ेगा और युवा उद्यमियों को मदद भी मिलेगी। इस नए कर ढांचे से इन उत्पादों और इनसे जुड़े कच्चे माल पर भी जीएसटी की दरें कम हो गई हैं। इस कदम से चमड़ा और जूते चप्पल उत्पादों की मांग बढ़ेगी तथा घरेलू और निर्यात बाजार में भारतीय उत्पादों को अधिक प्रतिस्पर्धा मिलेगी।***

**मुख्यमंत्री असम दौरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज असम में प्रमुख उद्योगपतियों से वन–टू–वन चर्चा करेंगे और उन्हें प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री का इस दौरे का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को सामने लाना है। इसके अलावा मुख्यमंत्री असम में आयोजित कुछ सांस्कृतिक और स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। वहीं कल गुवाहाटी में आयोजित एक विशेष सत्र में सीएम पूर्वोत्तर राज्यों के

निवेशकों के साथ–साथ भूटान के प्रतिनिधियों से वन–टू–वन चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री ने आज कामाख्या मंदिर में देवी दर्शन कर प्रदेशवासियों के लिये सुख समृद्वि की कामना की ।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में

- प्रदेश में खाद्य एवं चिकित्सा नियंत्रक द्वारा सर्दी और खांसी की दवा कोल्डरिफ साइरप को प्रतिबंधित कर दिया गया है।
- भोपाल के अयोध्या नगर दशहरा मैदान में 6 अक्टूबर को दमा एवं श्वांस संबधित बीमारियों की निशुल्क जांच और दवाओं का वितरण आयुर्वेदिक पद्वति के आधार पर किया जायेगा।
- जबलपुर जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' शुरू हो गया है। यह अभियान 9 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।
- नर्मदापुरम में विश्व हृदय रोग जागरूकता माह अभियान के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में हृदय रोग के 32 बच्चों का हृदय स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

------------------------------